आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 23.08.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कल राजनिवास में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़ी कई बडी परियोजनाओं की समीक्षा की।
- भारतीय जनता पार्टी एक सितम्बर से सदस्यता अभियान चलाएगी।
- विभिन्न न्यायालयों में लम्बित पड़े सुनवाई पूर्व स्तर के मामलों के निपटारे के लिए द्वीपसमूह में अगले महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- द्वीपसमूह में इस महीने की तीस तारीख को भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया जाएगा।
- चीन में आयोजित किए जा रहे जुनियर वर्ल्ड ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप के लिए द्वीपसमूह के साइक्लिस्ट माईकल को भारत का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कल राजनिवास में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़ी कई बडी परियोजनाओं की समीक्षा की। अनिडकों की ओर से दी गई प्रस्तुति में लौंग आइलैण्ड, एविस आइलैण्ड, स्मिथ आइलैण्ड और शहीद द्वीप में पारि–पर्यटन रिसॉर्ट के विकास के संबंध में हुई प्रगति के बारे में उपराज्यपाल को बताया गया। ग्रेट निकोबार द्वीप और ग्यारह अन्य स्थलों के सर्वांगीण विकास पर भी चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव केशव चन्द्र के अलावा प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी एक सितम्बर से सदस्यता अभियान चलाएगी। कल पोर्ट ब्लेयर में मीडिया को जानकारी देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता अनिल एन्थोनी ने बताया कि दो हजार चौबीस के लोक सभा चुनाव में भाजपा और एन डी ए लोगों की पहली पसंद रही है और श्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने है। उन्होंने कहा कि हमारे सदस्य हमारी ताकत है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते हम लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक से पच्चीस सितम्बर तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। एक

अक्तूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा और घर—घर जाकर लोगों से संपर्क किया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने कहा कि संगठन पर्व का विस्तार शुरू हो चुका है। कल महाराष्ट्र मण्डल पोर्ट ब्लेयर में राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत हुई। पिछली बार द्वीपों में सदस्यता अभियान के दौरान पचपन हजार लोगों को जोड़ा गया। इस बार इस आकड़े को पचहत्तर हजार करना है। सदस्यता अभियान के प्रभारी और पार्टी उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि हम अपनी ज़िम्मेदारी निभाएंगे और इस अभियान को सफल बनाएंगे।

<><><><><><><>

विभिन्न न्यायालयों में लम्बित पड़े सुनवाई पूर्व स्तर के मामलों के निपटारे के लिए द्वीपसमूह में अगले महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। ज़िला न्यायालय परिसर पोर्ट ब्लेयर, उप—संभागीय न्यायालय परिसर मायाबंदर और सर्किट कोर्ट डिगलीपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते में चेक बाउंस मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा पैसे के प्राप्ति के मामलों, श्रम विवाद, बिजली—पानी बिल से जुड़े विवादों के साथ—साथ रख—रखाव मामले, नागरिक विवाद और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत विवादों का निपटारा किया जाएगा। अंडमान निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण ने संबंधित लोगों से विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई और समाधान करने के लिए लोक अदालत में शामिल होने का अनुरोध किया है। लोक अदालत में शामिल किए जाने वाले विवादों को लिखित में ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के पास मामलों को आठ सितम्बर तक भेजने को कहा गया है, ताकि चौदह सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में होने वाली सुनवाई में इन मामलों का रखा जा सके। अधिक जानकारी के लिए ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के अवकाश प्राप्त वरिष्ठ उद्घोषक मदन मोहन सिंह का देर रात निधन हो गया। वे अस्सी वर्ष के थे। आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। कई दशकों तक आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर में अपनी सेवाएं देने के बाद वे सेवानिवृत्त हुए थे। श्रोताओं को आकाशवाणी के स्टुडियों की घड़ी से समय मिलाने के लिए जानकारी देना और सैनिकों के लिए कार्यक्रम में उनकी प्रस्तुति हमेशा

यादगार रही है। शव यात्रा आज दिन में बारह बजे जंगलीघाट स्थित इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><>

उद्योग विभाग की ओर से बम्बू, बेंत और नारियल के खोल शिल्प पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मनारघाट पंचायत हॉल में चार सितम्बर तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत प्रधान साजिदा बानू ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल तेईस उम्मीदवार भाग ले रहे हैं। इन्हें हस्तशिल्प बनाने की विधि से अवगत कराया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार अवसरों का लाभ उठा सके।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में इस महीने की तीस तारीख को भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली और अंडमान निकोबार प्रशासन के सहयोग से आयोजित की जाने वाली अभ्यास के दौरान तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। पोर्ट ब्लेयर में आयोजित बैठक में आपदा प्रबंधन के सचिव ए एस पी एस रवि प्रकाश ने इस अभ्यास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने पर भी बल दिया। आपदा प्रबंधन के निदेशक अज़ीरूद्दीन ज़हीरूद्दीन क्वाज़ी ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए सभी हितधारकों से अपनी–अपनी भूमिका निभाने का अनुरोध किया। वरिष्ठ परामर्शदाता अवकाश प्राप्त कमांडेंट आदित्य कुमार ने सामुदायिक भागीदारी पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत उत्पादकता को बढ़ाने और आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा उपकरणों के साथ किसानों को सहयोग प्रदान करने के लिए कुछ और परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। कृषि विभाग की ओर से क्रियान्वित की जा रही इस योजना के तहत किसानों को कार्बन फाइबर टेलीस्कोप हारवेस्टर की खरीद के लिए पचास प्रतिशत रियायत पर सहयोग दिया जाएगा, जो तीस हजार रूपये तक सीमित होगी। मोटराइज्ड अरकानेट हारवेस्टिंग बाईक तथा नारियल पेड़ पर चढ़ने के लिए यंत्रीकृत मशीन पर भी पचास प्रतिशत की रियायत मिलेगी। योजना का लाभ उठाने के इच्छुक कृषकों से अपने–अपने क्षेत्र के अंचल अधिकारी से संपर्क करने और जरूरी दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करने को कहा गया है और जानकारियां किसान कॉल सेन्टर से फोन पर भी हासिल की जा सकती है।

<><><><><><><>

चीन में आयोजित किए जा रहे जुनियर वर्ल्ड ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप के लिए द्वीपसमूह के साइक्लिस्ट माईकल को भारत का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है। साइक्लिंग एसोसिएशन अण्डमान निकोबार और अण्डमान निकोबार राज्य ऑलम्पिक संघ ने उनके चयन पर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है।

उधर अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन पच्चीस और छब्बीस अगस्त को पोर्ट ब्लेयर में अंडर–19 चेस चैम्पियनशिप का आयोजन करेगा। हरियाणा में सोलह से चौबीस सितम्बर तक आयोजित होने वाले उन्नीस वर्ष आयु वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए पोर्ट ब्लेयर में आयोजित होने वाली इस चैम्पियनशिप के दौरान चार–चार सर्वश्रेष्ठ लड़के और लड़कियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से चेस एसोसिएशन के कार्यालय में शुल्क जमा करने को कहा गया है।

इस बीच दक्षिण अण्डमान शैक्षिक अंचल की ओर से अंतर स्कूल चेस टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। चौदह और सोलह वर्ष आयुवर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित इस चैम्पियनशिप के लड़कियों के चौदह वर्ष आयुवर्ग में वी.के. वी लम्बा लाईन की काव्या राज को पहला स्थान और केन्द्रीय विद्यालय नम्बर– एक की दिशा मिनाक्षी को दूसरा स्थान मिला।

<><><><><><><>

इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारत में संचालित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वे आरजी कर मेडिकल कॉलेज घटना में मृतका की पहचान से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करें। न्यायालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया को निर्देश दिया है कि वे मृतका के नाम के सभी संदर्भ और तस्वीरों के साथ वीडियो क्लिप तुरंत हटायें। मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कहा है कि वे न्यायालय के आदेश के अनुपालन के बारे में **cyberlaw-legal@meity.gov.in** पर सूचित करें।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान की कौशल विकास कार्यक्रम केन्द्र की ओर से नए बैच के लिए छः माह अवधि का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। ऑटोमोबाइल अनुभाग में चार पहिया

वाहनों की सर्विसिंग पर आधारित इस पाठ्यक्रम में कुछ सीटे रिक्त हैं। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर इक्कतीस अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>